पकड़ लो ना हाथ

तेरी कृपा से है सांवरे,
खुलते तकदीर के रास्ते,
तेरी कृपा जो हो जाये तो,
उजड़े बागो में फूल खिले,
हारे का तू सहारा,
मैंने सुना हैं श्याम,
आई हूँ मैं दर पे तेरे,
पकड़ लो ना हाथ।।

तेरे बिन मैं तो कुछ भी नहीं,
तू मेरा दिन मेरी शाम है,
मेरी दुनिया अधूरी सी है,
तेरे बिन ओ मेरे सांवरे,
हारे का तू सहारा,
मैंने सुना है श्याम
आई हूँ मैं दर पे तेरे,
पकड़ लो ना हाथ।।

हर जनम बाबा मुझको मिले,
तेरे चरणों की ये चाकरी,
जब खड़ा तू मेरे साथ में
क्या फ़िक्र मुझको संसार की,
हारे का तू सहारा,
मैंने सुना है श्याम,
आई हूँ मैं दर पे तेरे,
पकड़ लो ना हाथ।।

संजय अमन लाडले हैं तेरे,
खुशियों से श्याम झोली भरे,
दीप कहती सभी भक्तों पे,
श्याम बाबा की नज़रें पड़े,
हारे का तू सहारा,
मैंने सुना है श्याम,
आई हूँ मैं दर पे तेरे,
पकड़ लो ना हाथ........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23991/title/pakad-lo-na-haath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |